हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 62 देहरादून, शनिवार, 24 अगस्त, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कृमि मुक्ति दवाई ज़रूरी : स्वाति भदौरिया 6

# आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक है खनसर घाटी का महाकौथिग : मुख्यमंत्री

## खनसर घाटी स्थित माईथान पहुंचे मुख्यमंत्री, जन्माष्टमी महाकौथिग" कार्यक्रम में किया प्रतिभाग







■ खनसर घाटी के लिए मुख्यमंत्री ने की विभिन्न घोषणाएं

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली 24 अगस्त : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जनपद के गैरसैंण विकासखंड स्थित माईथान, खनसर में आयोजित "जन्माष्टमी महाकौथिग" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने माईथान क्षेत्र के मंगल दलों को 25-25 हजार रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने रामगंगा नदी में आवश्यक बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य किए जाने, मालकोट में पुल या वैली ब्रिज बनाने, माईथान में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने, शिशु मंदिर माईथान को सीएसआर के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराने एवं विनायकधार-कस्बीनगर मोटर मार्ग के जल्द निर्माण की घोषणा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा माईथान मां-भगवती का पवित्र स्थान है एवं माँ भगवती की कृपा से यह क्षेत्र बेहद संपन्न और समृद्ध है। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि बीते कई वर्षों से मेला समिति श्री कृष्ण जन्माष्टमी महाकौथिग का सफल आयोजन कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माईथान में आयोजित होने वाला यह मेला हमारी संस्कृति का प्रमुख मेला है। खनसर घाटी का यह महाकौथिग आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मेले हमारे सांस्कृतिक धरोहर हैं एवं इन मेलों के माध्यम से ही नई पीढ़ी अपनी विरासत से जुड़ती है। यह मेले लोक कलाकारों को भी मंच प्रदान करते हैं।

उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पर्व का मानव जीवन पर विशेष प्रभाव है। श्री कृष्ण का प्राकट्य अन्याय और अधर्म को समाप्त करने के लिए हुआ था। भगवान के श्रीमुख से निकले वाक्य आज गीता के रूप में हमें प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की मातृशक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ़ कर आत्मनिर्भर बन रही है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हमारी महिलाएं विश्वस्तरीय उत्पाद बना रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मातृशक्ति को और सक्षम एवं समृद्ध बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं को संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को देश- दुनिया तक पहुंचाने के लिए "हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड" को स्थापित किया है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार का द्वारा महिला समूहों को तीन लाख रुपए तक ॠण बिना ब्याज के उपलब्ध करा रही है।

इस अवसर पर कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल ने मुख्यमंत्री का आभार जताया एवं प्रदेश सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी फैसलों के बारे में जनता को बताया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सतीश लखेड़ा, मेला समिति के पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रही।

# मुख्यमंत्री ने श्रमिकों और कर्मचारियों को कहा थैंक्यू



■ भराड़ीसैंण में आम जनता से भेंट कर सुनी जन समस्यायें, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

■ मुख्यमंत्री ने मानसून सत्र की समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री आवास भराड़ीसैंण किया रात्रि विश्राम

■ क्षेत्रवासियों को दिया गैरसैण के समग्र विकास का आश्वासन , भराड़ीसैंण में वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

गैरसैण , 24 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गैरसैण में आयोजित विधानसभा के मानसून सत्र के सफल आयोजन के लिए श्रमिकों, शासन व प्रशासन के अधिकारियों एवं कार्मिकों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने भराडीसैण में आम जनता से भेंट कर जन समस्यायें सुनी तथा अधिकारियों को समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने मानसून सत्र की समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री आवास भराडीसैण में रात्रि विश्राम किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को गैरसैण के समग्र विकास का आश्वासन देते हुए कहा कि भराडीसैण में वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा तथा ग्रीषमकालीन राजधानी के अनुरूप गैरसैण क्षेत्र के अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जायेगा। रात्रि प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने कई जन प्रतिनिधियों से भी भेंट की तथा राज्य के विकास से जुडे विषयों पर उनसे चर्चा की।

# अनुपूरक में गरीब, युवा, मातृशक्ति और अन्नदाता की चिंता : धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि अनुपूरक बजट में उत्तराखंड के गरीब, युवा, मातृशक्ति और अन्नदाता की चिंता की गई है। सरकार ने केंद्र की योजनाओं को अधिक से अधिक लेने का प्रयास किया है, ताकि ब्याज कम देना पड़े। सदन में जाने से पहले मुख्यमंत्री धामी मीडिया से मुखातिब हुए और कहा कि हमारा जो सामान्य बजट था वो ठीक से तरह से धरातल उतरे, उसके लिए अनुपूरक में 5013। 05 करोड़ का अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया है। अनुपूरक में कई वर्गों को प्राथमिकता दी गई है, और निश्चित ही भविष्य में उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने उन योजनाओं को अधिक से अधिक लेने का प्रयास किया है जिनमें ब्याज की देनदारी कम है। इसीलिए नाबार्ड आदि योजनाओं को वरीयता दी गई है। कहा कि हमारी जो परिसंपत्तियां हैं, वो ठीक प्रकार से सुरक्षित रहे। भविष्य के लिए जो हमारी आने वाली पीढ़ी है उसे अच्छा परिवेश देकर जाएं, यह संकल्प है। वह आर्थिक, व्यावहारिक और अवस्थापना के रूप में सशक्त बना रहे यह कोशिश राज्य सरकार की है।

गैरसैंण के विकास को लेकर पूछे जाने पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि निश्चित रूप से आगे चलकर यहां बड़े स्तर पर विकास कार्य होंगे। । गैरसैंण में हमारे पास बड़ा विधानसभा भवन है और ग्रीष्मकालीन राजधानी है लिहाजा उसी के अनुरूप विकास किए जा रहे हैं। इसके लिए गैरसैंण विकास परिषद में भी धनराशि का प्रावधान किया है।

# ग्राउंड जीरो पर जाकर काम करते हैं मुख्यमंत्री : प्रेमचंद अग्रवाल

देहरादून । संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सरकार त्वरित गति से प्रभावी तरीके से काम का रही है। अब से पहले शायद ही आपदा राहत कार्य इतनी तेजी किए गए हो। उन्होंने विपक्ष पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें पता कि था कि सरकार आपदा प्रबंधन पर सच्चाई सामने लाने जा रही है, इसलिए विपक्ष पहले ही सदन से चला गया। उन्होंने कहा कि इस वक्त मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ग्राउंड जीरो पर जाकर खुद आपदा राहत कार्यों की निगरानी करते हैं। सदन को तो युवा मुख्यमंत्री की सराहना करनी चाहिए। अग्रवाल ने उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी से कहा कि, आपदा राहत कार्यों में त्वरित निर्णय के लिए वे मुख्यमंत्री के आवास जाकर धन्यवाद कहते हैं और अब सदन में विरोध किया जा रहा है। यह क्या है?

# जुगाड़ में एक्सपर्ट था इंजीनियर, एक हाथ भर जमीन पर बना डाला घर



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 24 अगस्त : हर कोई चाहता है कि उसका अपना कोई घर हो, जिसके छत के नीचे अपनी फैमिली के साथ सुकून की सांस ले सके. रातों की नींद पूरी कर सके और उनमें अपने बच्चों को खेलते हुए देखे. साथ ही वो घर इतना बड़ा हो कि सभी को प्रॉपर स्पेस मिल सके. लेकिन हर कोई इस सपने को पूरा नहीं कर पाता. ऐसे में कई लोगों की जिंदगी किराए के घर में ही कटती है।

वहीं, कुछ लोग 20-25 गज जमीन लेकर भी अपना घर बनवा लेते हैं और उसके ऊपर मंजिलें खड़ी करते चले जाते हैं. लेकिन आज हम आपको जो घर दिखाने जा रहे हैं, वो इन सबसे अलग है. इस घर को देखने के बाद समझ पाना ही मुश्किल है कि लोग अंदर रहते कैसे होंगे? लेकिन इसे बनाने वाला इंजीनियर भी कम जुगाड़ु नहीं रहा होगा, जिसने एक हाथ भर की जमीन पर इतनी ऊंची इमारत खड़ी कर दी, जिसे देखकर भी यकीन कर पाना मुश्किल है. लेकिन ध्यान से देखने पर माजरा कुछ और ही समझ आ रहा है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस पोस्ट में नजर आ रहे घर को आप खुद देखिए. ऐसा लगता है कि मुश्किल से इस घर की चौड़ाई डेढ़ से दो फीट रही होगी, लेकिन लंबाई 50 फीट या उससे ज्यादा ही है. ऐसे में इंजीनियर ने इस मकान को बनाया कैसे होगा और लोग इसके ऊपरी मंजिल तक जाते कैसे होंगे, ये मन में सवाल उठता है. लेकिन इसका जवाब भी पोस्ट में ही देखने को मिल जाता है. चूकि घर के जिस कोने को दिखाया जा रहा है, वो पतला है, लेकिन उसके बाद का लंबा होने के साथ-साथ चौड़ा भी होता जा रहा है. अगर यकीन न हो तो, जरा नीचे ग्राउंड फ्लोर पर बने दुकान को देखिए, जिसका शटर खुला हुआ है. वो साफ तौर पर अंदर की ओर गहरा नजर आ रहा है. यानी कि इस पोस्ट में जो घर बाहर से डेढ़-दो फीट चौड़ा दिख रहा है, असल में वो इससे ज्यादा चौड़ा है।


सोशल मीडिया पर इस पोस्ट को शेयर किया है, जिसका कैप्शन लिखा है, 'दो शब्द इस घर के लिए.' इस पोस्ट को अब तक 5 करोड़ 39 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है. वहीं, लाखों लोगों ने इसे लाइक और शेयर किया है. इतना ही नहीं, इस पोस्ट पर हजारों की संख्या में कमेंट्स भी आए हैं. सरफराज नाम के यूजर ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा है कि ये घर तो शुरू होते ही खत्म हो गया. वहीं, माहियाज सिंह ने लिखा है कि मालिक ने मिस्त्री को पैसा टाइम पर नहीं दिया होगा, इसलिए आधा अधूरा काम छोड़कर भाग गया. वहीं, रोहन ने कमेंट किया है कि पोस्ट में भले ही ये पतला दिखे, लेकिन घर तिरछा है, जो आगे जाकर चौड़ा हो गया है. जबकि, प्रभव सिंह सिकरवार ने लिखा है कि ऐसा लगता है कि जब दरवाजा खोलेंगे तो दूसरी दुनिया में पहुंच जाएंगे।

# सिर्फ 24 घंटे में अमीर हो गया यह गरीब देश, जानकर चौंक जाएंगे आप

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 23 अगस्त : अभी तक रातों-रात किसी व्यक्ति विशेष की किस्मत बदल जाने और उसके अमीर हो जाने की तमाम घटनाएं घटित होते आपने देखा, सुना और पढ़ा होगा, मगर कोई देश यदि सिर्फ 24 घंटे में गरीब से अमीर हो जाए तो आपको अपने कानों पर भरोसा करना मुश्किल होगा। आज आपको हम जो घटना बताने जा रहे हैं, वह आपको चौंका देगी। आप यह सुनकर हैरान रह जाएंगे कि आखिर एक अफ्रीकी देश जो गरीबी, भुखमरी और लाचारी की मार झेल रहा था, सिर्फ 24 घंटे में अचानक उसकी किस्मत कैसे बदल गई। एक गरीब देश कैसे अमीर होने की कगार पर पहुंच गया। घटना बेहद दिलचस्प है।

हम अफ्रीकी गणराज्य के देश बोत्सवाना की बात कर रहे हैं, जिसकी किस्मत महज 24 घंटे में बड़ा करवट ले चुकी है। बोत्सवाना ने दावा किया है कि अब तक का सबसे बड़ा हीरा उसकी एक खदान से प्राप्त हुआ है। आज इसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया। बोत्सवाना की सरकार का मानना है कि 2,492 कैरेट का यह विशाल रत्न देश में खोजा गया सबसे बड़ा प्राकृतिक हीरा और किसी खदान से निकाला गया दूसरा सबसे बड़ा रत्न है। बोत्सवाना को मिला यह विशाल हीरा उसे अमीरी की राह पर लाकर खड़ा कर दिया है। खनन का काम कर रही कनाडा की कंपनी लुकारा डायमंड कॉर्प ने एक बयान में कहा कि उसने पश्चिमी बोत्सवाना में अपनी कारोवे खदान से 'असाधारण' हीरा बरामद किया है। लुकारा



ने बताया कि यह 'उच्च गुणवत्ता वाला' हीरा है और इसे एक्स-रे तकनीक की मदद से खोजा गया। वजन के लिहाज से यह गत 100 से अधिक वर्षों में पाया गया सबसे बड़ा हीरा है। वर्ष 1905 में दक्षिण अफ्रीका में खोजे गए कलिनन हीरे के बाद यह खदान से निकाला गया दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हीरा है।

कलिनन हीरा 3,106 कैरेट का था और इसे कई टुकड़ें कर तराशा गया जिनमें से कुछ ब्रिटिश शाही आभूषणों का हिस्सा हैं। ब्राजील में 1800 के दशक के अंत में एक बड़ा काला हीरा खोजा गया था, लेकिन यह सतह पर पाया गया था और माना जाता था कि यह उल्कापिंड का हिस्सा था। बोत्सवाना हीरे का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और हाल के वर्षों में दुनिया के सभी सबसे बड़े हीरों की खोज यहीं हुई है।

# बी12 की कमी शरीर में भर देगी कैंसर की गांठ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




ब्यूरो रिपोर्ट 24 अगस्त : विटामिन बी12 की कमी शरीर के लिए बहुत खतरनाक है. यह विटामिन बॉडी में मरम्मत और डीएनए के फंक्शन, रेड ब्लड सेल्स को बनाने का काम करती है. ऐसे में इसकी कमी से शरीर ठीक तरह से काम नहीं कर पाता है. इतना ही नहीं बी12 की कमी लंबे समय तक बनी रहे तो इससे कैंसर भी हो सकता है. दरअसल, जब बी12 की कमी होती है, तो डीएनए सिंथेसिस धीमा हो जाता है. जिसके कारण बॉडी के सेल्स तेजी से अनावश्यक रूप से बढ़कर कैंसर बनाने लगते हैं.

बी12 की कमी और कैंसर के बीच बहुत स्ट्रांग कनेक्शन होता है. इस विटामिन की कमी पेट के कैंसर, कोलोरेक्टल कैंसर, और प्रोस्टेट कैंसर के खतरे को कई गुना तक बढ़ा सकती है. जीभ- एक घाव, लाल जीभ जो चिकनी और चमकदार हो सकती है, एक स्थिति जिसे ग्लॉसिटिस कहा जाता है. जीभ में पैपिले छोटे-छोटे धब्बे भी हो सकते हैं जो पकने लगते हैं. आंख- कम नजर आना मेंटल हेल्थ- डिप्रेशन या चिड़चिड़ापन भूलना और स्मृति हानि, भ्रम, धीमी सोच हाथ पैर- झुनझुनी या दर्द, चलने में परेशानी, अनियंत्रित मांसपेशियों की हरकतें पेट- डाइजेशन प्रॉब्लम, भूख कम लगना

**बी12 से भरपूर 10 फूड्स**

मछली अंडा डेयरी प्रोडक्ट बीन्स मटर दाल मेवा बीज संतरा मशरूम

बी12 की कमी का सबसे ज्यादा शिकार शाकाहारी लोग होते हैं. क्योंकि वेजिटेरियन फूड्स में बी12 की मात्रा ज्यादा नहीं होती है. इसके अलावा खराब जीवनशैली, शराब का सेवन, 60 से ज्यादा आयु, फैमिली हिस्ट्री बी12 की कमी के जोखिम को कई गुना तक बढ़ा देते हैं.

# 2030 से पहले एक घटना के बाद दुनिया में छा जाएगा 7 दिनों तक अंधेरा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 24 अगस्त : 16वीं शताब्दी में, संत अच्युतानंददास ने 'भविष्य मालिका' लिखी थी, जिसमें कलियुग के अंत और दुनिया के विनाश की भविष्यवाणियां की गई थीं। भविष्य मालिका में भारत के बारे में भी कई भविष्यवाणियां की गई हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि भविष्य मालिका में लिखी जगन्नाथ मंदिर से जुड़ीं कई भविष्यवाणियां सच हो चुकी हैं। जैसे, त्रिदेव के वस्त्रों का जलना और प्राचीन पेड़ का गिरना आदि। जगन्नाथ पुरी मंदिर की भविष्यवाणियों के अलावा और भी ऐसी भविष्यवाणियां हैं, जो कलियुग की चरम सीमा की तरफ इशारा करती हैं। आइए, जानते हैं भविष्य मालिका की कलियुग के अंत से जुड़ीं भविष्यवाणियां।

भविष्य मालिका में लिखा गया है कि दुनिया में धीरे-धीरे तनाव फैल जाएगा। तनाव इस तरह से बढ़ जाएगा कि दुनिया के कई देशों में गृहयुद्ध बढ़ते जाएंगे। एक तरफ प्राकृतिक आपदा मानवजाति को बेहाल करेगी, तो दूसरी तरफ गृहयुद्ध बढ़ते जाएंगे। दुनिया में तीसरे विश्वयुद्ध का आगाज होगा, जिसमें लोग कीट-पतंगों की तरफ मरेंगे और विश्व की आबादी केवल 64 करोड़ रह जाएगी।



भविष्य मालिका में भविष्यवाणी की गई है कि आसमान में दो सूरज निकलने का आभास होगा, जो एक संकेत होगा कि कलियुग अपनी चरम सीमा की तरफ बढ़ रहा है। आपको जानकर हैरानी होगी कि कुछ वर्ष पहले कोलंबिया के एक गांव में दो सूर्य निकलने का नजारा देखने को मिला था। हालांकि, इस घटना को लेकर काफी विवाद भी हुआ था कि आखिर कोलंबिया में निकला दूसरा सूरज क्या था? कई लोगों का कहना था कि यह एक आकाशीय पिंड या फिर धूमकेतु। वहीं, भविष्य मालिका में लिखी भविष्यवाणी के अनुसार सूर्य की भांति चमकने वाला पिंड बंगाल की खाड़ी में गिरेगा, जिससे ओडिशा जलमग्न हो जाएगा।

भविष्य मालिका में इस बात का उल्लेख किया गया है कि धरती 3 चरणों से होकर गुजरेगी। पहला चरण कलयुग का अंत का होगा। दूसरा चरण धरती के महाविनाश का होगा और तीसरा चरण एक नए युग का होगा, जिससे कि धरती पर एक नया युग आरम्भ होगा।

# थियेटर में जैसे ही बजा Stree 2 का ये गाना अचानक उछल-कूद करते हुए डांस करने लगी लड़कियां





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 24 अगस्त : श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'स्त्री 2' इन दिनों सिनेमाघरों में खूब धूम मचा रही है। फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पांस मिल रहा है और स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई कर रही है. दर्शकों को स्त्री और सरकटा के बीच की लड़ाई काफी दिलचस्प लग रही है. वहीं, फिल्म के गाने भी दर्शकों को खूब पसंद आ रहे हैं. हाल ही में थियेटर में स्त्री 2 के एक गाने पर अचानक से डांस करती लड़कियों का पोस्ट इन दिनों सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है, जिसे देखकर लोग हक्के-बक्के रह गए हैं. कुछ पोस्ट को देखकर मौज ले रहे हैं, तो कुछ अजीबोगरीब कमेंट्स कर रहे हैं।

Geeta Bagdwal नाम की यूजर ने इस पोस्ट को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. पोस्ट में स्त्री 2 के सॉन्ग 'आई नहीं' पर लड़कियां अचानक से थियेटर में डांस करने लगीं. ये लड़कियां ठीक वहीं स्टेप्स कर रही हैं, जैसे फिल्म में इस गाने पर राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर ने किया है. ये गाना इन दिनों यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है. ये गाना यूट्यूब पर 60 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है।

# विवाद में घिरे मंत्री महाराज के युवराज ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 24 अगस्त , तो क्या ओवर कॉन्फिडेंस में फंस गए दिग्गज महाराज के युवराज ? या सामान्य सी प्रक्रिया को बढ़ा चढ़ा कर राजनीती की जा रही है ? ये तो सब जानते हैं कि उत्तराखंड सरकार में भारी भरकम मंत्रालयों वाले सतपाल महाराज कितने प्रभावशाली और रसूखदार राजनेता है। अक्सर अफसरों को दो टूक डपटने और नाफ़रमानों को खरी खोटी सुनाने से भी नहीं हिचकते हैं मंत्री जी लेकिन उनको भी घेरा जाएगा शायद उन्हें अंदाज़ा नहीं रहा होगा तभी तो अब अंदरखाने राजनीती भी उनके खिलाफ हवा बनाने लगी है। मसला सीधे पिताजी के मंत्रालय में पुत्र की एंट्री को लेकर है जहाँ टिहरी झील में क्रूज बोट और याट बोट संचालन के लिए जारी किए गए टेंडर को लेकर लोगों में भी तरह तरह की बातें शुरू हो गयी हैं।

मंत्री पुत्र को वरीयता क्यों ?

गैरसैण सत्र के बीच पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज इन आरोपों से घिरते नजर आ रहे हैं। उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के पुत्र सुयश रावत एक मामले को लेकर सुर्खियों में हैं। मामला टिहरी झील में क्रूज बोट और याट बोट संचालन के लिए जारी किए गए टेंडर से जुड़ा है। हाल ही में टिहरी झील में क्रूज और याट बोट संचालन के लिए आवेदन मांगे गए थे। मंत्री सतपाल महाराज के पुत्र सुयश ने भी इस प्रक्रिया में आवेदन किया। हालांकि, विवाद इस बात को लेकर उठ खड़ा हुआ है कि जहां प्रदेश में रोजगार को लेकर पलायन हो रहा है, वहां स्थानीय को वरीयता देने के बजाए देहरादून से एक मंत्री पुत्र को किस आधार पर वरीयता दी गई ?


लोगों का कहना है कि टिहरी झील में होने वाले कार्यों को प्राथमिकता से स्थानीय लोगों को दिए जाने की बात कही गई थी, जबकि सुयश रावत का मूल निवास पौड़ी में है और उन्होंने अपना वर्तमान पता देहरादून का दिया है। सूत्रों का यह भी दावा है कि आवेदन की तारीख को बढ़ाने का निर्णय भी विशेष रूप से सुयश रावत के लिए ही लिया गया था।आपको यहाँ ये भी बता दें कि आवेदन की अंतिम तिथि पहले 26 जुलाई 2024 थी, जिसे बढ़ाकर 17 अगस्त 2024 किया गया हालांकि, अधिकारिक तौर पर यह कहा गया था कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण तारीख बढ़ाई गई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि इसका आपदाओं से कोई संबंध नहीं था।

जून के आखरी हफ्ते में टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण कार्यालय ने टिहरी झील में क्रूज बोट और याट बोट संचालन के लिए आवेदन करने के लिए आमंत्रण किया गया था। यह निर्णय हाल ही में जिले में आई प्राकृतिक आपदाओं के चलते लिया गया है, जिसने कई आवेदकों को समय पर अपने आवेदन जमा करने में बाधित किया।





जारी की गई सूचना के अनुसार, आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 26 जुलाई 2024, दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित की गई थी। आवेदन की समय सीमा को भी बढ़ा दिया था , इसे बढ़ाकर 17 अगस्त 2024, दोपहर 12:30 बजे कर दिया था। आवेदन बढ़ाने की सूचना में बताया गया था, यह अवसर उन सभी इच्छुक आवेदकों के लिए अंतिम होगा जो टिहरी झील में बोट संचालन का लाइसेंस प्राप्त करना चाहते हैं। जिला प्रशासन ने साफ किया है कि यह समय सीमा अंतिम है और इसके बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे में स्थानीय लोगों का सवाल उठाना सही है आप समझदार जागरूक नागरिक तय कर सकते हैं।



कार्यालय
टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण
गोल कोठी, कोटी कॉलोनी, पोस्ट कोटी कॉलोनी टिहरी गढ़वाल–249130

01 श्री रघुवीर सिंह सजवाण पुत्र श्री कमल सिंह ग्राम फलेण्डा, पो०ऑ० फलेण्डा घनसाली टिहरी गढ़वाल।
02 श्री रामलाल कोठारी पुत्र स्व० श्री देवराम कोठारी भागीरथी होटल साईं चौक बौराड़ी, नई टिहरी।
03 श्री सुयेश रावत पुत्र श्री सतपाल महाराज 13 म्युनिसिपल रोड, डालनवाला देहरादून।
04 श्री आयुश पंवार पुत्र श्री दिलबर सिंह पंवार ग्राम तिवाड गांव, पो०ऑ० कोटी कॉलोनी टिहरी गढ़वाल।
05 मैसर्स स्वास्तिक होलीडेज 59 दून प्लाजा देहरादून।
06 कार्निवल हॉस्पिटैलिटी 14/1 आनन्द विहार कौलागढ़ रोड देहरादून।

पत्रांक 86 /क्रूज बोट/साक्षात्कार/प्रस्तुतिकरण/2024–25 दिनांक 21/8/2024

विषय: साक्षात्कार/प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में।


उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि आपके द्वारा टिहरी बांध जलाशय में क्रूज बोट संचालन हेतु आवेदन पत्र जमा किया गया है। समिति द्वारा आपके आवेदन पत्र की जांच उपरान्त आपके आवेदन को सफल पाया गया है। आवेदन की शर्तों के अनुसार जिलाधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति के सम्मुख साक्षात्कार/प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किया जाना है।

अतः आप दिनांक 28.08.2024 समय सांय 03:30 बजे जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में साक्षात्कार/प्रस्तुतिकरण (संचालित की जाने वाली गतिविधि की न्यूनतम 20 स्लाईड की Power Point Presentation) प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में आवेदक की उपस्थिति शुन्य मानकर आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी
टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण
टिहरी गढ़वाल।

प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
01. जिलाधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी टि०वि०क्षे०प०वि०प्रा० टिहरी गढ़वाल।
02. अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत टिहरी गढ़वाल।
03. जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी टिहरी गढ़वाल।
04. जिला पर्यटन विकास अधिकारी टिहरी गढ़वाल।

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी
टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण



कार्यालय टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण
गोल कोठी, कोटी कॉलोनी, पोस्ट कोटी कॉलोनी टिहरी गढ़वाल-249130
E mail- tadatehri@gmail.com

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी कार्यालय की सूचना संख्या 55/टि०प्रा०/क्रूज बोट/याट बोट/2024-25 दिनांक 12.07.2024 के माध्यम से सूचना प्रकाशित कर अवगत कराया गया था कि जिन आवेदकों द्वारा टिहरी बांध जलाशय में क्रूज बोट तथा याट बोट संचालन हेतु आवेदन पत्र क्रय किये गये हैं वह आवेदक दिनांक 26.07.2024 समय 12:30 बजे अपरान्ह तक अपना आवेदन पत्र जिला पर्यटन कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें। किन्तु कतिपय आवेदकों/ फर्मों द्वारा जनपद में आयी आपदा के कारण तत्समय अपना आवेदन पत्र जमा नहीं करा पाये, जिस हेतु समिति द्वारा निर्णय लिया गया हैं कि जनपद में आयी आपदा एवं प्रतिस्पर्धा के मध्यनजर जिन आवेदकों ने पूर्व में टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण कार्यालय से क्रूज बोट तथा याट बोट संचालन हेतु आवेदन पत्र क्रय किये गये हैं, उन आवेदकों को अपना आवेदन पत्र जमा किये जाने हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है।

अतः जिन आवेदकों द्वारा पूर्व में टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण कार्यालय से क्रूज बोट तथा याट बोट संचालन हेतु आवेदन पत्र क्रय किये गये हैं, वो आवेदक दिनांक 17.08.2024 को समय 12:30 अपरान्ह तक अपना आवेदन पत्र सीलबन्द लिफाफे में जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय बौराड़ी में जमा कराना सुनिश्चित करें। नियत तिथी एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

नोटः- जिन आवेदकों द्वारा पूर्व में अपने क्रूज बोट तथा याट बोट संचालन हेतु आवेदन पत्र जमा कराये गये हैं उनके आवेदन पत्र यथावत रहेंगें।

जिलाधिकारी/मुख्य कार्यपालक अधिकारी
टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण, टिहरी गढ़वाल

## रेनबो स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

श्रीनगर गढ़वाल। रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास में शुक्रवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के हिमालयन वातावरणीय एवं अंतरिक्ष भौतिकी शोध प्रयोगशाला के प्रभारी डा. आलोक सागर गौतम ने छात्रों को बताया कि भारत अपना पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (एनएसपीडी-2024) मनाने जा रहा है। बताया कि 23 अगस्त 2023 को इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) ने चंद्रमा पर विक्रम लैंडर की सफल लैंडिंग कर इतिहास रच दिया था। इस मिशन के पूरा होते ही भारत चांद पर सफल लैंडिंग करने वाला चौथा व दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बन गया। चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के बाद 23 अगस्त को अब आधिकारिक रूप से अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया गया है। जिसके तहत आज पूरा भारत राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. रेखा उनियाल सहित आदि मौजूद थे।

## देवप्रयाग में खतरे के निशान से ऊपर बह रही गंगा नदी

श्रीनगर गढ़वाल। ऊपरी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश के बाद देवप्रयाग में गंगा खतरे के निशान से दो मीटर ऊपर पहुंच गई। तेजी से बढ़े पानी से घाट सभी पानी में डूबे रहे। शुक्रवार को यहां अलकनंदा के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई। केंद्रीय जलायोग के सूत्रों के अनुसार शुक्रवार तड़के चार बजे से अलकनंदा का जलस्तर 460 मीटर से बढ़ना शुरू हुआ और सुबह 7 से 8 बजे के बीच इसमें तेजी से वृद्धि हुई। जिसके बाद जलस्तर 465 मीटर तक पहुंच गया। इसको देखते गंगा के जलस्तर भी 463 खतरे के निशान को पार कर 465 मीटर तक पहुंच गया। गंगा के खतरे के निशान से दो मीटर ऊपर पहुंचते ही प्रशासन ने तटीय क्षेत्रों से सटे गांवों को अलर्ट कर दिया।

## मालदेवता कालेज में युवा संसद का आयोजन

देहरादून। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता रायपुर में शुक्रवार को युवा संसद का आयोजन किया गया। जिसके तहत कालेज में वाद विवाद ,भाषण,निबंध एवं भारतीय संसदीय व्यवस्था पर आधारित प्रश्नोतरी आदि प्रतियागिताओं को आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विनोद प्रकाश अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम की नोडल अधिकारी राजनीति शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डा। रीना ने किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में आयुषी ने प्रथम स्थान, वाशुतोष सिंह ने द्वितीय स्थान तथा तनीषा गुसाई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता में कृष्णकांत एवं जैद मलिक ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में तनीषा गुसाँई ने प्रथम, उत्कर्ष कैन्टुरी ने द्वितीय तथा कृष्णकांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।निबंध प्रतियोगिता में विजयलक्ष्मी ने प्रथम स्थान, शगुन सोलंकी व हिमांशु ने द्वितीय स्थान तथा ममता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो दिनेश प्रताप सिंह, प्रो पूजा कुकरेती, प्रो सविता वर्मा, डॉ गिरीश चंद्र डंगवाल, डॉ अनीता चौहान, डॉ रितु कश्यप, डॉ कविता काला, डॉ डिम्पल भट्ट, डॉ सरिता तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## यूटीयू में मनाया पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

देहरादून। चन्द्रयान-3 के सफल मिशन के एक साल पूरा होने पर वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यानी यूटीयू में शुक्रवार को पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। 23 अगस्त 2023 को इसरो के चन्द्रयान-3 के विक्रम रोवर ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड किया था। इस दौरान कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि अन्तरिक्ष में उतर कर चन्द्रमा को छूना किसी के भी जीवन के अविस्मरणीय क्षण होते हैं जो समाज में अनुसंधान और प्रौद्योगिकी पर अंतरिक्ष अन्वेषण के गहरे प्रभाव पर बल देती है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारा देश आज पूरी दुनिया में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक लीडर बन चुका है। जो मानवीय ज्ञान और क्रेटिविटी की सीमाओं को आगे बढ़ा रहा है। उत्तराखण्ड स्पेस एप्लिकेशन सेंटर (यूसैक) की वैज्ञानिक एवं इंजीनियर डॉ. अरूणा रानी ने भी बतौर स्पीकर छात्रों को अंतरिक्षा क्षेत्र की जानकारियां दी। विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों को चन्द्रयान-3 की उपलब्धियों को बताने और दिखाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

## तीन साल के बच्चे की ट्रैक्टर से गिरकर मौत

देहरादून। प्रेमनगर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना में तीन साल का एक बच्चा ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना 21 अगस्त की रात हुई जब बच्चा दीपक अपने पड़ोसी के ट्रैक्टर पर बैठा था। ट्रैक्टर चल रहा था। अचानक उसने अपना संतुलन खो दिया और ट्रैक्टर से गिर गया। पहिए के नीचे आने से गंभीर चोट लगने के कारण उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चे का नाम दीपक पुत्र गिरीश है और वह झाझरा इलाके का रहने वाला था। एसओ प्रेमनगर गिरीश नेगी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## देहरादून में पीजी डॉक्टर काम पर लौटे

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज में कोलकाता कांड के विरोध और कुछ स्थानीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर गए पीजी डॉक्टर शुक्रवार को काम पर लौट आए हैं। कार्य बहिष्कार से अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी और ऑपरेशनों में आंशिक असर पड़ रहा था। स्थानीय स्तर पर उनकी सुरक्षा, कैंटीन और डॉक्टर ड्यूटी रूम, चेंजिंग रूम समेत तमाम मांगे अस्पताल प्रबंधन और पुलिस ने पूरी कर दी हैं। कुछ पर अमल की कार्रवाई गतिमान है। पीजी डॉक्टर ने स्वास्थ्य सचिव डॉ। आर राजेश कुमार, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ। आशुतोष सयाना, प्राचार्य डॉ। गीता जैन, एसएसपी अजय सिंह, एमएस डॉ। अनुराग अग्रवाल, डिप्टी एमएस डॉ। धनंजय डोभाल का आभार जाता है। इस दौरान पीजी डॉ। आमिर खान, डॉ। गौरव कुमार, डॉ। दिव्यांशु, डॉ। कमल किशोर, डॉ। प्रशांत समेत अन्य मौजूद रहे।

## केली और कांछी एफसी सेमीफाइनल में पहुंचे

देहरादून। तिब्बतन गुरु स्व. घूंगथुग टीसुलट्रीम की 46वीं वर्ष अनिवर्सरी पर ढूंढुप्लीप फुटबॉल क्लब देहरादून की ओर से आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में केली एफसी और कांछी एफी ने सेमीफाइनल में जगह बना दी है। तिब्बतन स्कूल क्लेमटाउन में शनिवार को क्वार्टर फाइनल के मुकाबले खेले गए। पहला मैच केली एफसी और काशा एफसी के बीच खेला गया। इसमें केली एफ ने एकतरफा 4-1 के अंतर से जीत दर्ज की। दूसरा मैच में कांछी एफसी ने डोंडलीप एफसी को 3-1 के अंतर से शिकस्त दी। आयोजक तामदीन और रेफरी डा।

## संक्षिप्त खबरें

### पात्रता निर्धारण की खामियां दूर करने की मांग की

नई टिहरी। टिहरी बांध प्रभावित उत्तरकाशी जिले के बल्डोगी गांव के लोगों ने पात्रता निर्धारण और कृषि और आवासीय भूखंड आवंटन को लेकर पुनर्वास निदेशक डीएम मयूर दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। कहा कि पुनर्वास विभाग की ओर से की गई पात्रता निर्धारण में कई खामियां हैं। जिनको दूर किया जाना जरूरी है। शुक्रवार को थौलधार के पूर्व प्रमुख खेम सिंह चौहान के नेतृत्व में बल्डोगी गांव के टिहरी बांध प्रभावितों ने डीएम/पुनर्वास निदेशक को समस्या बताई। बताया कि उनके गांव में 50 प्रतिशत परिवार पूर्ण विस्थापित हो चुके हैं। शेष परिवारों की 50 प्रतिशत से अधिक भूमि टिहरी बांध परियोजना के लिए अधिग्रहित की जा चुकी है। ऐसे में पुनर्वास नीति के अनुसार इन परिवारों को भी पूर्ण विस्थापित की श्रेणी में रखा गया है। लेकिन उनकी पात्रता का निर्धारण नहीं हो पाया है।

### जीआइसी सेमंडीधार में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की मांग

नई टिहरी। जाखणीधार ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज सेमंडीधार में आयोजित अभिभावक संघ की बैठक में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की मांग की गई। कहा कि शिक्षा विभाग ने स्कूल में तैनात कई शिक्षकों के स्थानांतरण कर दिए हैं। लेकिन उनके स्थान पर प्रतिस्थानी नहीं भेजे है। जिस कारण पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को इंटर कॉलेज सेमंडीधार में आयोजित बैठक में प्रधानाचार्य विजय श्रीवाण ने विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। कहा कि स्कूल में पर्याप्त छात्रसंघ होने के बाद भी शिक्षकों का अभाव बना हुआ है। अभिभावकों ने शिक्षकों के रिक्त पद भरने की मांग की। बैठक में अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए विजयपाल रावत को दूसरी बार अध्यक्ष चुना। जबकि भागवत प्रसाद भट्ट उपाध्यक्ष, जमुना बडोनी कोषाध्यक्ष, हुकम सिंह रावत, दर्शन सिंह रमोला, कथक सिंह, बोलम सिंह,सावन लाल, विजय सिंह प्रतिमा देवी, संगीता देवी,ममता देवी, पुष्पा देवी, सलीम, अलका आदि को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

### सुपरवाइजर्स संगठन की अध्यक्ष किरण व महामंत्री दीपिका बनी

नई टिहरी। बाल विकास सुपरवाइजर्स संगठन टिहरी के द्विवार्षिक अधिवेशन में संगठन की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें ज्वलंत समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर हल करने के लिए बातचीत करने की बात कही। इसके बाद संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए किरण राणा अध्यक्ष और दीपिका तिवारी को महामंत्री बनाया गया। शुक्रवार को संयुक्त राज्य कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष डीपी सेमल्टी और बीएस राणा की अध्यक्षता में आयोजित संगठन के अधिवेशन में कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं बताई। मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय गौरव ने कहा कि सुपरवाइजरों के सहयोग से ही विभाग योजनाओं का क्रियान्वयन करता है। नई कार्यकारिणी में भागीरथी पंवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रजनी भट्ट उपाध्यक्ष, रजनी रमोला कोषाध्यक्ष, संगीता रतूड़ी संरक्षक और सोनी रावत को मीडिया प्रभारी निर्विरोध चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को राज्य संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कहा कि परिषद जिले के संगठन की समस्याओं को पूर्ण समर्थन करते हुए संघर्ष करेगा।

### भारी बारिश से सीमांत गांव गेंवाली में मची तबाही

नई टिहरी। बालगंगा तहसील के सीमांत गेंवाली गांव में मध्य रात्रि को अतिवृष्टि के कारण गांव में भवनों, कृषि भूमि, पेयजल लाइनों के साथ ही पुलों को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद मौके पर पहुंची तहसील प्रशासन और एसडीआरएफ गांव में राहत कार्य के साथ ही क्षति का आंकलन करने में जुटी है। गेंवाली के प्रधान विशन दास ने बताया कि गुरुवार रात्रि को भारी बारिश के चलते ग्रामीण सजग थे। मध्य रात्रि को गांव के ऊपर भारी मलबा, बोल्डर और पेड़ आने से तीन भवन क्षतिग्रस्त हो गए। साथ ही गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। भवन के अंदर भारी भरकम पेड़ों के घुसने तथा बोल्डर और मलबा घुस गया। इसके अलावा ग्रामीणों की कृषि भूमि, पेयजल लाइनें, पैदल रास्ते और पैदल पुल भी बह गए।

# बाइक पर पीछे बैठने वाले हो जाएं अलर्ट 1 सितंबर से लागू होंगे नए नियम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 24 अगस्त : सड़क पर अगर आप गाड़ी चलाते हैं तो आपको कई तरह के ट्रैफिक नियमों का पालन करना होता है। ऐसा नहीं करने पर हजारों रुपये का चालान जुर्माने के तौर पर किया जाता है। हालांकि कई लोग ऐसे भी होते हैं। जिन्हें इससे फर्क नहीं पड़ता और वो नियमों का लगातार उल्लंघन करते रहते हैं। इस बीच आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में ट्रैफिक पुलिस नियमों के प्रति बेहद सख्त हो गई है। 1 सितंबर से बाइक स्कूटर चलाने वालों के लिए हेलमेट पहनना बेहद जरूरी है। इतना ही नहीं पीछे बैठने वाले शख्स को भी हेलमेट पहनना जरूरी है। बिना हेलमेट के 1035 रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

दरअसल, हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब विशाखापट्टनम में 1 सितंबर से स्कूटर पर पीछे बैठकर सवारी करने वालों को हेलमेट लगाना जरूरी होगा। शहर में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। विशाखापट्टनम के जिला कलेक्टर, जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष हरेंधीरा प्रसाद और शहर के पुलिस आयुक्त शंखब्रत बागची ने हाल ही में एक बैठक की है। उन्होंने कहा कि अगर आप इन नियमों का पालन नहीं करते हैं, तो कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है

हेलमेट नहीं पहनने का ही चालान काटा जाता है।

वाहन चलाते समय इन बातों का रखें ध्यान

सीट बेल्ट लगाकर करें ड्राइविंग

सीट बेल्ट न लगाकर ड्राइविंग करने से हर दिन हजारों लोगों का चालान कटता है। कार ड्राइव करते समय सीट बेल्ट हमेशा लगाना चाहिए। कार में बैठने वाले अन्य यात्रियों को भी सीट बेल्ट लगाने के लिए जरूर कहें।

वाहन चलाते समय कभी न करें मोबाइल का इस्तेमाल

बाइक, कार या कोई और गाड़ी भारत में गाड़ी चलते वक्त मोबाइल फोन पर बात करना, मैसेज करना या किसी भी वजह के लिए फोन का यूज करना ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन माना जाता है। ऐसे में ड्राइव करते समय दिक्कत हो सकती है। लिहाजा मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

# किसान को इस सब्जी की खेती ने कर दिया मालामाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 24 अगस्त : इसे देखते हुए काफी किसान किसानी के पुराने चले आ रहे ट्रेंड को बदलते हुए अब फूल, फल और सब्जी आदि की खेती कर रहे हैं और कई लोग बढ़िया मुनाफा भी कमा रहे हैं. इसी तरह बिहार के अररिया में इन दिनों छोटे किसान खेती का ट्रेंड सेट कर रहें हैं और कम जगह में सब्जी की खेती कर बेहतर मुनाफा कमा रहे हैं.अररिया जिले के एक किसान हैं नरेश महतो. नरेश मजह 10 कट्ठा खेत में सब्जी की खेती कर बेहतर मुनाफा कमा रहें हैं.

यह अपने खेत में बरबट्टी यानी बोरो की खेती कर रहें हैं. 10 कट्ठा खेत में 10 हजार खर्च आया. अब ये महीने का 90 हजार मुनाफा कमा रहे हैं. किसान ने बताया कि पहले वह खुद के लिए हरी सब्जी पैदा करते थे. धीरे-धीरे उन्होंने अपने खेतों में बड़े पैमाने पर हरी सब्जी की फसल करना शुरू कर दिया. हरी सब्जी की फसल में बेहतर उत्पादन के साथ बेहतर मुनाफा होता है.

इसलिए उन्होंने अपने खेतों में 10,000 की लागत से बरबटी की फसल लगाई. अब उसी सब्जी से 90,000 रुपए महीने का काम रहे हैं.उन्होंने बताया कि जब सब्जी लेकर बाजार जाते हैं तो ग्राहक वहीं उनसे सब्जी ले लेते हैं क्योंकि लोग हरी सब्जी अधिक खाने लगे हैं. इसका नतीजा है कि किसान अब बड़े पैमाने पर हरी सब्जी की खेती कर बेहतर उत्पादन के साथ बेहतर मुनाफा कमा रहे हैं.

# CBI में बिना परीक्षा नौकरी पाने का मौका, बस चाहिए होगी ये योग्यता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट 24 अगस्त : सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (CBI) में नौकरी पाने का सपना का देख रहे उम्मीदवारों के लिए एक अच्छा मौका है. अगर आपके पास इन पदों से संबंधित योग्यता रखते हैं, तो सीबीआई की आधिकारिक वेबसाइट cbi.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. सीबीआई के इस भर्ती के जरिए ट्रायल कोर्ट में पैरवी वर्क के लिए कंसल्टेंट के पदों के लिए वैकेंसी निकली है. इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

सीबीआई के इस भर्ती के माध्यम से कुल 08 पदों पर भर्तियां की जाएगी. अगर आप भी इन पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, तो 4 सितंबर तक या उससे पहले अप्लाई कर सकते हैं. जो भी उम्मीदवार सीबीआई में नौकरी पाने की ख्वाहिश रखते हैं, वे सबसे पहले दिए गए इन बातों को गौर से पढ़ें।

जो भी उम्मीदवार सीबीआई के इस भर्ती के लिए आवेदन कर रहे हैं, उनके पास आधिकारिक नोटिफिकेशन में दिए गए संबंधित योग्यता होनी चाहिए. तभी आप आवेदन करने के लिए योग्य माने जाएंगे. सीबीआई भर्ती 2024 के लिए अप्लाई करने वाले उम्मीदवारों के पास आपराधिक मामलों की सुनवाई के दौरान जांच/अभियोजन/अदालत की ड्यूटी में कम से कम 03 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। सीबीआई के इस भर्ती के माध्यम से जिस किसी भी उम्मीदवार का चयन होता है, उन्हें सैलरी के तौर पर आधिकारिक नोटिफिकेशन के जरिए भुगतान किया जाएगा। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (CBI) भर्ती 2024 की आधिकारिक नोटिफिकेशन के अनुसार इच्छुक उम्मीदवारों को नोटिफिकेशन में दिए गए आवेदन URL के माध्यम से अपने ऑनलाइन आवेदन जमा करने होंगे. आवेदन अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए. अन्यथा फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आफत की बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित

चमोली। गुरुवार रात को भारी बारिश चमोली जिले में आफत की बारिश बनकर आई। बदरीनाथ हाईवे कमेडा, सोनला, नन्दप्रयाग, पुरसाडी, पागल नाला,भनेर पानी पीपल कोटी, गुलाब कोटी, हनुमान चट्टी, कंचन नाला में शुक्रवार को कई घंटे बाधित रहा। हाइवे पर बड़े-बड़े बोल्डर, पत्थर मलबा आने से यातायात बाधित रहा। बदरीनाथ, हेमकुंड आने और दर्शन कर वापस लौट रहे सैकड़ो यात्रियों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। गुरुवार रात्रि को आयी भारी वर्षा पिंडर नदी का जल स्तर बढ़ने और पुल का बेसमेंट ढहने से देवाल में बगरीगाढ का पैदल पुल क्षतिग्रस्त हो गया। गुरवार की रात्रि और शुक्रवार सुबह तक हुई लगातार भारी वर्षा से चमोली जिले में 41 से अधिक सड़कों पर भारी मात्रा में मलबा आने से यातायात बाधित रहा। जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। भूस्खलन, नदियों के बढ़े जल स्तर से नदी तट के आसपास के लोग दहशत और चिंता में रहे। बदरीनाथ हाईवे कमेड़ा गौचर में शुक्रवार सुबह 5 बजे सड़क पर मलबा आने के कारण बाधित हुआ। और सुबह 7.20 पर खुला। बदरीनाथ हाईवे पर नन्दप्रयाग बगड़ में 6 बजे पहाड़ी टूटने से बाधित हुआ। यहां पर सैकड़ों वाहन और यात्री फंसे रहे। तहसील प्रशासन ने सड़क पर फंसे यात्रियों को पानी की बोतलें, बिस्कुट और फ्रूटी वितरित की। नन्दप्रयाग बगड और नन्दप्रयाग पार्टी डीप, पुरसाडी, हनुमान चट्टी, कंचन नाला में भारी बोल्डर आने और चट्टानों के टूटकर सड़क पर आने से हाईवे बाधित रहा। शाम तक मशीन हाईवे को खोलने में जुटी रही। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया बदरीनाथ हाईवे पर पागलनाला में भारी बोल्डर आने से हाइवे सुबह 6 बजे बाधित हुआ। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बताया पागलनाला, भनेर पानी में अवरुद्ध हाइवे 11 बजे सुचारू हो सका।

### छजेली में थराली-वाण मोटर मार्ग का 40 मीटर हिस्सा बहा

चमोली। गुरुवार रात भारी बारिश से देवाल क्षेत्र में लोहजंग से आगे छजेली में थराली-वाण नंदा देवी राजजात मार्ग के किलोमीटर 37 पर करीब 40 मीटर हिस्सा बह गया है। जिससे वाण और कुलिंग गांव की तीन हजार की आबादी का संपर्क देश व दुनिया से कट गया है। लोहाजंग, वांक, बानुड़ी, सुया और मुंदोली में पेयजल लाइन बहने से पांच हजार की आबादी के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया है। पेयजल लाइन भी बह गई है और ऐसे में ग्रामीणों के सामने पानी का संकट गहरा गया है। लोग गदेरे का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। देवाल क्षेत्र के हीरा सिंह गढ़वाली ने बताया की गुरुवार रात को ब्रहमताल क्षेत्र में भारी बारिश हुई। इससे गदेरा उफान पर आ गया और तीन हिस्सों में बंटकर थराली, बगड़ीगाड़ और वाण की तरफ बहने लगा। जिससे क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। छजेली में 40 मीटर सड़क बनने के साथ 200 मीटर सड़क पर भारी मात्रा में मलबा भी आया है। जिससे कुलिंग और वाण गांव के लोगों के सामने आवाजाही का संकट आ गया है। कहा कि दोनों गांवों में बीमार और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में दिक्कत हो सकती है। साथ ही मुन्दोली इंटर कॉलेज व देवाल महाविद्यालय पढ़ने वाले छात्र छात्राएं के सामने स्कूल जाने में आवाजाही का संकट बना है। वहीं, नंदा की वार्षिक लोकजात यात्रा 8 तारीख को वाण गांव में कैसे पहुंचेगी। यह भी लोगों के सामने संकट बना है। उन्होंने शासन, प्रशासन और सरकार से अतिशीघ्र लोहाजंग से वाण तक सड़क को खोलने और 5 गांव की पेयजल लाइन को ठीक करने की मांग उठाई है। जब तक सड़क नहीं खुल जाती तब तक पैदल रास्ते को खोला जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में आवाजाही हो सके। वहीं आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदकिशोर जोशी ने कहा कि स्थानीय प्रशासन द्वारा गांवों में जाकर नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### उत्तराखंड़ महिला कांग्रेस के नेतृत्व में हआ विधान सभा कूच

चमोली। उत्तराखंड़ महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रोतेला के नेतृत्व में शुक्रवार को महिला कार्यकताओं ने विधान सभा ओर कूच किया। महिलाएं वाहनों से कालीमाटी में एकत्रित हुई लेकिन दुग्तमासैंण पर बने बेरियर पर पुलिस ने वाहनों को रोक दिया। वाहनों को रोकने पर महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए सरकार के विरोध में नारे लगाएं प्रदर्शन के बाद पुलिस ने बेरियर खोल कर महिलाओं को आगे जाने दिया। यहां से पैदल मार्च करते हुए महिलाएं दिवाली खाल बेरियर पर पहुंची जहां पुलिस द्वारा उन्हें पुनः रोक दिया गया। इस पर आक्रोशित महिला कांग्रेस कार्यकर्ता जमीन पर ही बैठ कर धरना देने लग गई। इस दौरान महिला प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि राज्यसरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में पूरी तरह से असफल रही है। उन्होंने महिलाओं को लोक सभा और विधान सभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने व अंकिता और तस्लीमा हत्या कां की सीबीई जांच कराकर परिजनों को न्याय देने की मांग की। इस मौके पर आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में आज स्वास्थ्य , शिक्षा एवं सड़कों की दशा दयनीय बनी हुई है। बच्चे बरोजगार घूम रहे हैं उन्हें सरकार रोजगार मुहैया नहीं करा पा रही हैं।

# उत्तराखंड : प्राथमिक विद्यालयों में 1090 शिक्षकों की नियुक्ति, प्रवक्ता-एलटी के पद भी भरे जायेंगे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली 24 अगस्त : शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सदन में जानकारी दी कि राज्य सरकार ने 10 सितंबर तक प्राथमिक विद्यालयों में 1090 शिक्षकों की नियुक्ति करने का लक्ष्य रखा है। साथ ही नई नियुक्तियों में शामिल शिक्षकों को पहले पांच वर्षों के लिए पर्वतीय क्षेत्रों में सेवा देना अनिवार्य होगा।

बीते दिन को सदन में धारचूला विधायक हरीश धामी ने शिक्षकों की कमी पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि स्थानांतरण नीति के तहत पर्वतीय क्षेत्रों से शिक्षकों का स्थानांतरण हुआ है, लेकिन उनके प्रतिस्थानी अभी तक नहीं आए हैं जिससे पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। धामी ने आरोप लगाया कि उपलब्ध शिक्षक मैदानों में ही रह गए हैं। इस मुद्दे पर विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने एलटी शिक्षकों और प्रवक्ताओं की कमी की बात उठाई। इसके अलावा विधायकों मनोज तिवारी, गोपाल सिंह राणा, अनुपमा रावत और लखपत बुटोला ने शिक्षकों की कमी, स्कूलों की खराब स्थिति और प्रधानाध्यापकों की कमी के मुद्दे को उजागर किया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की खराब स्थिति पलायन का एक बड़ा कारण बन रही है।

सरकार का पक्ष रखते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। डॉ0 रावत ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को जल्दी हल करने का निर्णय लिया है। साथ ही प्रवक्ता और एलटी के खाली पदों पर भी पूरी तरह से नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रवक्ता पदों की भर्ती लगातार की जा रही है और गेस्ट लेक्चरर की नियुक्ति भी हो रही है। सितंबर में प्रवक्ता के 613 नियमित पदों की भर्ती परीक्षा होगी





जिससे कमी दूर हो जाएगी।

डॉ0 रावत ने कहा वर्तमान में 3555 एलटी पद रिक्त हैं, जिनमें से 1300 पर गेस्ट फैकल्टी काम कर रही है। प्रधानाचार्यों के 1100 से अधिक पद भी लंबे समय से खाली हैं, जिनकी सीधी भर्ती की जाएगी। उन्होंने शिक्षक संगठनों से कहा कि अगर वे कोर्ट के केस वापस लें तो उनकी पदोन्नति की जाएगी, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ है। इसके अलावा सरकार प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में फर्नीचर उपलब्ध कराने का भी वादा किया है।

# 25 साल की रेवा ने खुद ही ले ली अपनी जान, छोड़ गई कई अनसुलझे सवाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उधमसिंह नगर 24 अगस्त : 25 साल की रेवा इस तरह से सुसाइड करने पर परिवार वाले यकीन नहीं कर रहे हैं। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है रेवा सिंह की मौत ने कई अनसुलझे सवाल छोड़ दिए हैं। करीब डेढ़ पेज के सुसाइड नोट में भी उसने किसी को अपनी मौत के लिए दोषी नहीं ठहराया बल्कि केवल यह लिखा कि वह मानसिक रूप से बहुत परेशान थी।

स्थानीय लोगों के अनुसार रेवा के माता-पिता के बीच काफी समय से मनमुटाव चल रहा था और वे अलग-अलग रहते थे। इस पारिवारिक तनाव के कारण ही वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी, जिसका जिक्र उसने अपने सुसाइड नोट में भी किया है। हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता घर की दूसरी मंजिल के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटकी मिली।मोहल्ले के लोगों का कहना है कि रेवा का परिवार अधिक मेलजोल नहीं रखता था और परिवार के कुछ सदस्य टोना-टोटका में विश्वास करते थे। इसके चलते कयास लगाए जा रहे हैं कि बीते बुधवार को परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हुआ होगा, जिसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। लोगों को यह भी अजीब लग रहा है कि एक अधिवक्ता होने के नाते जो समाज की ऊंच-नीच को अच्छी तरह समझती थी वह ऐसा कदम कैसे उठा सकती है। वहीं परिजनों ने पुलिस को बताया कि रेवा मानसिक रूप से परेशान थी और उसका इलाज चल रहा था, लेकिन जब पुलिस ने इलाज के दस्तावेज मांगे तो वे उन्हें दिखाने में असमर्थ रहे।

# हल्द्वानी में 101 दुकानों पर चलेगा बुलडोज़र, नगर निगम ने थमाया नोटिस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




हल्द्वानी 24 अगस्त : ईई लोनिवि और नगर आयुक्त ने सार्वजनिक नोटिस जारी करते हुए कहा है कि 24 अगस्त तक चिह्नित किए गए हिस्से को दुकानदारों को खुद हटाना होगा। हल्द्वानी में सड़क चौड़ीकरण के रुके हुए काम को अब प्रशासन पूरी सख्ती के साथ आगे बढ़ाने जा रहा है। हल्द्वानी के मंगल पड़ाव से रोडवेज के बीच के इलाके में बुधवार को 101 दुकानदारों को सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया, जिसमें उन्हें सड़क के मध्य से दोनों तरफ 12-12 मीटर जगह खाली करने का निर्देश दिया गया है। जिन 15 दुकानदारों के पास वैध दस्तावेज हैं उन्हें प्रतिकर दिया जाएगा।

नगर निगम और लोनिवि द्वारा जारी संयुक्त नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि अगर 24 अगस्त तक कब्जा स्वयं नहीं हटाया गया तो पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई की जाएगी और इसका खर्च भी संबंधित लोगों से वसूला जाएगा।पिछले साल दिसंबर में सरकार ने शहर के 13 चौराहों और तिराहों के चौड़ीकरण के लिए 14.23 करोड़ रुपये जारी किए थे, जिसके बाद सबसे पहले मंगल पड़ाव से रोडवेज तक का सर्वे शुरू किया गया था। सड़क चौड़ीकरण के लिए होलिका ग्राउंड, आंबेडकर पार्क से लेकर सरकारी भवनों की बाहरी दीवार तक को तोड़ दिया गया, ताकि सड़क को और चौड़ा किया जा सके। इस प्रक्रिया में व्यापारियों की दुकानें भी चौड़ीकरण की जद में आ रही थीं। डीएम के निर्देश पर गठित संयुक्त समिति ने हर मामले की सुनवाई की और इसके बाद मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा जहां मंगलवार को याचिका निस्तारित हो गई। इसके बाद बुधवार को नगर आयुक्त और ईई लोनिवि ने सार्वजनिक नोटिस जारी कर स्पष्ट किया कि 24 अगस्त तक चिह्नित हिस्से को स्वयं हटाना होगा, अन्यथा पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई अभियान चलाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शिविर में उपचार किया

पौड़ी। ठाकुर सुंदर सिंह चौहान वृद्धाश्रम मलेठी में अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से नारायणी प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ डा. धीरज ठाकुर ने बताया कि सात दिवसीय शिविर के पहले दिन लाभार्थियों का प्राकृतिक चिकित्सा जिसके अंतर्गत योग, प्राणायाम के साथ-साथ नैचरोपैथी, फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, एकुयपंचर के माध्यम से उपचार किया गया।

### पूर्व सैनिकों के लिए होगा प्रशिक्षण शिविर

पौड़ी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा सेना, अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस बल में भर्ती के लिए पूर्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर राज्य के पूर्व सैनिकों एवं सैनिक विधवाओं के पुत्रों के लिए निशुल्क है। यह शिविर सैनिक विश्राम गृह, कालीदास मार्ग, हाथी बडकला, देहरादून में किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ओमप्रकाश फरस्वाण ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर 26 अगस्त से 20 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा। बताया कि शिविर के लिए आवेदन पत्र 25 अगस्त तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय लैंसडौन और जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, देहरादून में जमा किए जा सकते हैं।

### व्यापार सभा ने समस्याएं हल करने की मांग

पौड़ी। व्यापार सभा पौड़ी ने शुक्रवार को शहर की विभिन्न समस्याओं को हल करने की मांग को लेकर नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान व्यापार सभा ने अधिशासी अधिकारी से कूड़ा निस्तारण, लावारिस मवेशियों के आतंक से निजात दिलाने आदि की मांग उठाई। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन से मुलाकात करते हुए व्यापार सभा के अध्यक्ष विनय शर्मा ने कहा कि शहर में लावारिस मवेशियों के आतंक से लोग परेशान हैं। आए दिन लावारिस मवेशियों के हमलों में लोग घायल हो रहे है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से शहर में मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग करवाने, शहर की नालियों की सफाई सुचारु रूप से करवाने, शहर में घूम रहे लावारिस पशुओं मवेशियों को नियत स्थान पर रखकर समस्या हल करने और कूड़े की समस्या से जल्द छुटकारा दिलाने की मांग उठाई। इस मौके पर व्यापार सभा के सचिव देवेंद्र सिंह रावत, कोषाध्यक्ष दिलबर भंडारी, मनोज बिष्ट आदि शामिल रहे।

### टिहरी झील में हाउस वोट संचालन में पारदर्शी हो साक्षात्कार

चमोली। नगर कांग्रेस कमेटी कीर्तिनगर ने शुक्रवार को टिहरी झील पर्यटन में हाउस वोट क्रूज संचालन को लेकर एसडीएम कीर्तिनगर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने कहा है कि हाउस वोट संचालन के लिये मांगे गये आवेदनों में 6 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के बेटे के नाम से भी आवेदन किया गया है। साथ ही जिपंअ के पति के नाम से भी आवेदन किया गया है जो कि खुद जिपंस हैं। कांग्रेस कमेटी से जुड़े लोगों ने कहा कि साक्षात्कार में बंदरबांट होने के पूरे आसार हैं। निष्पक्ष आवंटन अगर नहीं होता है तो कांग्रेस को आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा। मौके पर रामलाल नौटियाल, प्रदीप थपलियाल, आशुतोष रावत, भीम सिंह नेगी, मीनाक्षी पोखरियाल, वीरेंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

### पीजी कालेज कर्णप्रयाग में मनाया प्रथम राष्ट्रीय अंतिरक्ष दिवस

चमोली। पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में एनसीसी के छात्र एंव छात्राओं ने अंतरिक्ष दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित की। इस दौरान प्राचार्य प्रो. वीएन खाली ने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष में शिव शक्ति बिंदु पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित व साफ्ट लैंडिंग की और चंद्रमा की सतह पर प्रज्ञान रोवर को तैनात किया था। डॉ. एमएल शर्मा और डॉ नरेंद्र पंघाल ने भारत की आज तक प्राप्त अंतरिक्ष की अपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश है। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक कर्मचारी एंव एनसीसी के छात्र एंव छात्राएं उपस्थित थे।

### भारी बारिश से फाटा के पास मलबे में दबे चार नेपाली मजदूर

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ हाईवे पर स्थित फाटा हेलीपैड से कुछ दूरी पर खाट गदेरे के पास आए मलबे में चार नेपाली मजदूरों की दबने से दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना मिलते ही रेस्क्यू दल मौके पर पहुंचे सभी मजदूरों के शवों को मलबे से निकाला गया। गुरुवार रात 1:20 मिनट पर अधिक बारिश के चलते फाटा हेलीपैड के समीप खाट गदेरे के उफान पर आने से नजदीक टेंट लगाकर रह रहे मजदूर मलबे में दब गए। सूचना पर जब तक रेस्क्यू दल पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचती तब तक चारों मजदूरों की मौत हो गई थी।

# PVTG समुदायों के लिए विशेष अभियान, पीएम जन मन योजना से लाभांवित होंगे परिवार







- पीवीटीजी बहुल जनजातीय क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के लिए 23 अगस्त से 10 सितंबर, 2024 तक पीएम-जन मन मिशन पर आईईसी अभियान का आयोजन
- 28.7 हजार पीवीटीजी बस्तियों में लगभग 44.6 लाख व्यक्तियों (10.7 लाख परिवारों) तक पहुंचने का अभियान; देश भर के 194 जिलों के 16,500 गांवों, 15,000 ग्राम पंचायतों और 1000 तालुकाओं को शामिल किया जाएगा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 24 अगस्त : देश भर के 194 जिलों में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की बस्तियों और पीवीटीजी परिवारों तक पहुंचने के उद्देश्य से, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय 23 अगस्त, 2024 से 10 सितंबर, 2024 तक प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम-जन मन) के लिए एक राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान और लाभार्थी शिविर का संचालन कर रहा है।

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम और राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कल आयोजित एक बैठक में पीएम-जनमन के अंतर्गत योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए पीएम-जनमन पर आईईसी अभियान की तैयारियों पर बल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के खूंटी जिले से जनजातीय गौरव दिवस (15 नवंबर, 2023) पर पीएम-जन मन मिशन का शुभारंभ किया था।

अभियान गतिविधियां और पहुंचपिछले वर्ष 100 जिलों में एक व्यापक आईईसी अभियान चलाया गया था, जिसके तहत 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लगभग 500 ब्लॉक और 15,000 पीवीटीजी बस्तियों को शामिल किया गया था। इस वर्ष, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 194 जिलों की 28,700 पीवीटीजी बस्तियों में 10.7 लाख पीवीटीजी परिवारों के 44.6 लाख पीवीटीजी व्यक्तियों तक पहुंचने के लिए और व्यापक अभियान की परिकल्पना की जा रही है। राज्यों से लेकर जिलों तक, ब्लॉक से गांव तक और पीवीटीजी बस्ती स्तर तक जागरूकता जगाने के कार्य को सभी स्तरों पर अंजाम दिया जाएगा।

इस अभियान का उद्देश्य पीवीटीजी परिवारों को प्रमुख व्यक्तिगत अधिकारों का लाभ प्रदान करना और पीवीटीजी बस्तियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए पीएम-जनमन हस्तक्षेपों के बारे में जानकारी प्रदान करना है, ताकि इन जनजातीय समुदायों को केंद्र और राज्य की योजनाओं और उनके तहत मिलने वाले लाभों के बारे में जागरूक किया जा सके। इस पहल में हर उस पीवीटीजी परिवार को शामिल किया जाएगा जिनसे दूरी, सड़क और डिजिटल कनेक्टिविटी की कमी के कारण संपर्क नहीं हो सका है। ऐसे परिवारों को उनके घर पर ही सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए हाट बाजार, सामुदायिक सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत, आंगनवाड़ी, बहुउद्देशीय केंद्र, वनधन विकास केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र जैसे स्थानों का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा, अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए माईभारत स्वयंसेवकों, नेहरू युवक केंद्रों, कृषि विज्ञान केंद्रों, एनएसएस, एनसीसी, एसएचजी/एफपीओ और अन्य ऐसे निकायों से सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की जा रही है।

पूरी अभियान अवधि के दौरान, आधार कार्ड, सामुदायिक प्रमाण पत्र, जन धन खाते और वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के लाभार्थियों को पट्टे प्रदान किए जाएंगे क्योंकि ये अन्य योजनाओं के लिए बुनियादी आवश्यकताएं हैं।पीएम जनमन हस्तक्षेप कार्ड पीवीटीजी की भाषा में वितरित किए जाएंगे।अभियान के एक हिस्से में लाभार्थी संतृप्ति शिविर और स्वास्थ्य शिविर भी शामिल होगा। ये शिविर व्यक्तियों/परिवारों के लिए योजनाओं के तहत तत्काल लाभ प्रदान करने और पीवीटीजी समूहों के लिए विशेष रूप से स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों जैसे सिकल सेल रोग के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट पर ध्यान केंद्रित करेंगे।स्थानीय और जनजातीय भाषाओं में पैम्फलेट, वीडियो, क्रिएटिव, इन्फोग्राफिक्स आदि जैसी जागरूकता सामग्री का उपयोग किया जाएगा।पीएम-जनमन के प्रमुख संदेशों से युक्त विषयों को दीवारों पर पेंटिंग के रूप में पीवीटीजी बस्तियों में सजाया जाएगा।यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे कि छात्रवृत्ति, मातृत्व लाभ योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, एससीडी के रोगियों के लिए विकलांगता प्रमाण पत्र आदि जैसी विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ पात्र पीवीटीजी लाभार्थियों तक पहुंचे।

योजना के लाभार्थी और उपलब्धि प्राप्त करने वाले लोग विशेष सत्रों में अपनी सफलता की कहानियां सुनाएंगे ताकि समुदाय के अन्य सदस्यों को आगे आने के लिए प्रेरित किया जा सके।

अभियान की निगरानी के लिए प्रत्येक जिले में जिला स्तर पर अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, जबकि राज्य स्तर के अधिकारी अभियान और मिशन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करेंगे। सभी संबंधित विभागों के बीच तालमेल सुनिश्चित करने के लिए नियमित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ सलाहकारों और निचले स्तर तक के अन्य संविदा कर्मियों के लिए अभिविन्यास कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँगी। इसके अलावा, विभिन्न राज्यों में जनजातीय अनुसंधान संस्थान जिला, ब्लॉक और जनजातीय आवास स्तरों पर इन गतिविधियों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने में सहायता करेंगे।

मिशन का उद्देश्यपीएम-जनमन मिशन अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना (डीएपीएसटी) के तहत वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक 24,104 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्साः 15,336 करोड़ रुपये और राज्य हिस्साः 8,768 करोड़ रुपये) के बजटीय परिव्यय के साथ 9 प्रमुख संबद्ध मंत्रालयों/विभागों से संबंधित 11 महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों पर केंद्रित है।अन्य योजनाओं और मंत्रालयों/विभागों से जुड़े 10 अन्य हस्तक्षेपों की भी पहचान की गई है जो पीवीटीजी के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं जैसे आधार में नामांकन, सामुदायिक प्रमाण पत्र जारी करना, पीएम-जनधन योजना, पीएम गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकारों के लंबित मामलों का समाधान आदि।15 दिसंबर, 2023 को आयोजित राष्ट्रीय मंथन शिविर के दौरान मिशन की कार्यान्वयन रणनीति पर चर्चा की गई, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के 700 से अधिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से विचार-विमर्श किया। इसके बाद, इस वर्ष 18-19 जुलाई, 2024 को पीएम-जनमन के तहत की गई गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा के लिए दो दिवसीय मंथन शिविर आयोजित किया गया, जिसमें राज्य आदिवासी कल्याण विभागों के प्रमुख सचिव, सचिव, निदेशक और अधिकारी शामिल हुए। पीएम-जनमन के दूसरे चरण के लिए नई पहलों पर भी चर्चा की गई।

# बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कृमि मुक्ति दवाई ज़रूरी : स्वाति भदौरिया







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

- 37 लाख से अधिक बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि मुक्ति दवाई

देहरादून, 24 अगस्त , राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) सभागार में आगामी राष्ट्रीय कृमि दिवस आयोजन हेतु स्वाति एस भदौरिया, मिशन निदेशक, एन.एच.एम. की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य के सभी हितधारी विभागों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

बैठक में मिशन निदेशक द्वारा बताया गया की प्रदेश भर में 10 सितंबर 2024 को 1 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों को कृमि मुक्ति की दवाई खिलाई जाएगी। जो बच्चे कृमि मुक्ति की दवाई खाने से छूट जाएंगे उन्हें 18 व 19 सितंबर 2024 को यह दवाई दी जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड द्वारा राज्य के बच्चों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राज्य के 37 लाख से अधिक बच्चों को कृमि मुक्ति के लिए दवाई खिलाने का अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के दौरान बच्चों को कृमि नाशक दवाई अल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी।

स्वाति एस भदौरिया, मिशन निदेशक, एन.एच.एम. द्वारा अवगत कराया गया की वर्तमान कृमि मुक्त दिवस पर 37.29 लाख बच्चों को दवा खिलाए जाने का लक्ष्य है। वहीं पिछले वर्ष में कुल 34.96 लाख बच्चों को पेट में कीड़े मारने वाली दवा खिलाई गई थी। यह दवाई अंतर विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए राज्य के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों व आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को खिलाई जाएगी। इस संबंध में मिशन निदेशक द्वारा बताया गया कि कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप बच्चों में कुपोषण, एनीमिया, और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं। कृमि मुक्ति दवाई के नियमित सेवन से बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास सुचारू रूप से होता है।

मिशन निदेशक द्वारा सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और सुनिश्चित करें कि उनके बच्चे कृमि मुक्ति दवाई अवश्य लें। यह अभियान राज्य के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। दी जाने वाली कृमि मुक्ति दवाई सुरक्षित है।बैठक में डॉ एन.एस. तोमर निदेशक स्वास्थ्य महानिदेशालय, डॉ मनु जैन निदेशक एन.एच.एम., डॉ अर्चना ओझा प्रभारी अधिकारी एन.एच.एम., डॉ उमा रावत, राज्य के शिक्षा विभाग से डॉ कुलकर्णी गैरोला, महिला एवं बाल सशक्तिकरण से श्रीमती तरुण चमोला एवं एन.एस.एस., स्काउट एंड गाइड, मदरसा शिक्षा बोर्ड, स्वजल, पंचायती राज, शहरी विकास विभाग एवं नगर निगम के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# केएल राहुल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा, इंस्टाग्राम स्टोरी ने मचाई सनसनी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 24 अगस्त : भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने की खबरें आई हैं। सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प इंस्टाग्राम स्टोरी वायरल हो रही है। इसमें दावा किया जा रहा है कि केएल राहुल ने खुद क्रिकेट को अलविदा कह दिया है।

सोशल मीडिया पर एक केएल राहुल नाम से पोस्ट वायरल हो रही है। इसमें दावा किया जा रहा है कि केएल राहुल ने प्रोफेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। वहीं, केएल राहुल के आधिकारिक सोशल मीडिया पर संन्यास से जुड़ी कोई घोषणा नहीं की गई है।

केएल राहुल ने हाल ही में भारतीय वनडे टीम में जगह बनाई है। श्रीलंका दौरे पर केएल राहुल को वनडे टीम में जगह मिली थी। उम्मीद की जा रही है कि जल्दी




वह बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी खेलते हुए नजर आ सकते हैं। डिस्क्लेमर- केएल राहुल के संन्यास से जुड़ी हुई खबर फेक है। सोशल मीडिया पर केएल राहुल के नाम से एक पोस्ट वायरल हो रही है। जागरण संन्यास की खबर को लेकर कोई दावा नहीं करता है। यहां मात्र सूचना देने काम किया गया है।

# Indian Navy में आईटीआई कर चुके उम्मीदवारों के लिए वैकेंसी जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 24 अगस्त : इंडियन नेवी में नेवल शिप रिपेयर यार्ड और नेवल एयरक्राफ्ट की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है. इस भर्ती के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया ऑफलाइन मोड में किया जा रहा है.

सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इंडियन नेवी की ओर से नेवल शिप रिपेयर यार्ड और नेवल एयरक्राफ्ट के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है. इस भर्ती के लिए आवेदन ऑफलाइन मोड में किया जा रहा है. योग्य उम्मीदवार इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए संबंधित वेबसाइट पर जाकर नोटिफिकेशन में दिए गए पीडीएफ को डाउनलोड कर फॉर्म को सावधानीपूर्वक भरकर और मांगे गए सभी दस्तावेजों को अटैच कर निम्न पते पर भेजना होगा.

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

शैक्षणिक योग्यता – 10वीं कक्षा पास और साथ ही ट्रेड से संबंधित क्षेत्र में



आईटीआई का सर्टिफिकेट होना चाहिए.आयु सीमा – 21 वर्ष. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकार द्वारा उम्र में छूट प्रदान किया जाएगा.

जरूरी डॉक्यूमेंट

पैन कार्ड

आईटीआई मार्कशीट

आधार कार्ड

तीन लेटेस्ट फोटो

आवेदन पत्र भेजने का पता

इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अपने सभी दस्तावेजों को डाक सेवा के माध्यम से नेवल शिप रिपेयर यार्ड, नेवल बेस, कोच्चि – 682004 पर भेजना होगा.

## संपादकीय



# सर्वोच्च अदालत के भरोसे

भारत का लोकतंत्र सर्वोच्च अदालत के भरोसे है। वह ही आम आदमी को, अंततः, इंसाफ देती है। यदि सर्वोच्च अदालत न होती, तो देश का आम आदमी कराहते, चिल्लाते, इधर-उधर धक्के खाते हुए जीवन के अंत तक पहुंच सकता था! भारत में भी 'जंगल-राज' का माहौल होता! आज सर्वोच्च अदालत है, तो आम आदमी की उस तक पहुंच बेहद पेचीदा और महंगी है। ऐसे मु_ी भर मामले होंगे, जिनका शीर्ष अदालत स्वतः संज्ञान लेती है और फिर पीड़ित पक्ष की लड़ाई लड़ते हुए उसे न्याय देने की कोशिश करती है। लोकतंत्र की जिम्मेदारी और जवाबदेही न्यायपालिका की ही नहीं है। उसके लिए विधायिका की बुनियादी जिम्मेदारी है, लेकिन विधायक हो अथवा सांसद हो, उन्हें इस जिम्मेदारी का एहसास तक नहीं है। बस, उन्हें ईवीएम का बटन दबाने के लिए ही जनता की दरकार है, लिहाजा वे पांच साल के कार्यकाल के बाद, कुछ दिनों के लिए, जनता की मनुहार और गुहार करते हैं। उसके बाद जनता की मदद का संदर्भ आता है, तो वे गायब हो जाते हैं। जनता के एक-एक वोट से ही विधायक और सांसद चुने जाते हैं। हमें लगता है कि बस, जनता का दायित्व वोट तक सिमट कर रह गया है। अब औसत मतदाता, अर्थात देश का नागरिक, 'ह्यूमन वोटिंग मशीन' बनकर रह गया है। अदालतों को जनता के वोट नहीं चाहिए, लेकिन न्यायाधीशों के भीतर आम आदमी, न्याय और सामाजिक-विधिक व्यवस्था अब भी जिंदा हैं। वे देश को 'केला गणतंत्र' बनने से बचाना चाहते हैं। वे लोकतंत्र के प्रहरी हैं। वे अपराधियों, बलात्कारियों, व्यभिचारियों, हत्यारों और माफिया आदि को कानून के अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचाने और दंडित करने के पक्षधर हैं। कोलकाता अस्पताल रेप-मर्डर कांड को ही लें। सर्वोच्च अदालत देश भर के डॉक्टरों की लड़ाई लड़ रही है, लिहाजा उसकी आग्रहपूर्ण अपील पर डॉक्टरों और उनके संगठनों ने हड़ताल खत्म कर दी है। अदालत का यह आग्रह मानवीय सरोकार वाला था, क्योंकि असंख्य मरीज इलाज के अभाव में तड़प रहे थे। कुछ भी अनहोनी हो सकती थी। शायद कोई त्रासदी हुई भी हो! डॉक्टरों को भी, अंततः, मानवीय दायित्व का एहसास हुआ। इस केस का सर्वोच्च अदालत ने स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायिक पीठ कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल की युवा ट्रेनी डॉक्टर के साथ बर्बर बलात्कार और निर्मम हत्या की सुनवाई तो कर रही है। बंगाल की सरकार और पुलिस की नालायकी, लापरवाही, अराजकता, सांठगांठ के मद्देनजर उन्हें जवाबदेही पर टांग भी दिया है। इसके साथ-साथ अस्पतालों की चाक-चौबंद सुरक्षा के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव को आदेश दिए हैं। वह राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों से संवाद कर अकाट्य सुरक्षा-तंत्र लागू करेंगे। कोलकाता के दागदार अस्पताल में सीआईएसएफ के जवान तैनात हो चुके हैं। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने डॉक्टरों की 36 और 48 घंटे की निरंतर ड्यूटी को 'अमानवीय' करार दिया है। जाहिर है कि शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप से यह व्यवस्था भी बदलेगी। यदि एक शिक्षित और पेशेवर व्यक्ति की नियति यही है, तो वह शिक्षा और हुनर बेमानी हैं। सर्वोच्च अदालत ने करीब 24 लाख छात्रों की नीट परीक्षा के संदर्भ में भी कमाल का फैसला दिया। शाहबानो से तीन तलाक और मौजूदा यौन दरिंदगी के मामलों तक सर्वोच्च अदालत ने ही आम आदमी और समाज को बचाया है। जन-प्रतिनिधियों की संसद ने या तो शीर्ष अदालत और संविधान पीठ के फैसले पलटे हैं अथवा सदनों में शोर मचाया है। क्या जन-प्रतिनिधि आम आदमी को इसी तरह बचाएंगे और अपने मतदाता की रक्षा करेंगे। कोलकाता रेप-मर्डर केस में राजनीति दोफाड़ हुई है और उंगलियां तोड़ देने तक की हुंकार भरी गई है। सर्वोच्च अदालत ने चुनावी बॉन्ड सरीखे मुद्दों पर फैसला दिया है और पूरी विधायिका, कार्यपालिका को बेनकाब किया है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## रवि बडोला हत्याकांड के सूत्रधार सोनू भारद्वाज पर एक और केस

देहरादून। रवि बडोला हत्याकांड के सूत्रधार सतेंद्र भारद्वाज उर्फ सोनू के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज हो गया है। आरोप है कि प्लाट बेचने की डील कर एक व्यक्ति से 11 लाख रुपये लिए। इसके बाद आरोपी ने जमीन नहीं दिलाई। उल्टा पीड़ित को धमकाकर उससे तीन लाख रुपये का एक चेक भी छीन लिया। रायपुर थानाध्यक्ष प्रदीप नेगी ने बताया कि मयंक कुमार गुप्ता निवासी शक्ति विहार, अधोईवाला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित ने कहा कि आर्केस्ट्रा में ड्रम सीखने के दौरान कई साल पहले उनकी मुलाकात दवेंद्र भारद्वाज से हुई। देवेंद्र वहां लोडिंग और अनलोडिंग का काम करता था। देवेंद्र ने पीड़ित के घर के पास की जमीन पर मोबाइल टॉवर लगवाने का झांसा दिया। वह भी नहीं लग पाया। इसके बाद फिर 2018 में पीड़ित को देवेंद्र भारद्वाज मिला। इस दौरान वह फाइनेंस का काम कर रहा था। पीड़ित को मकान बनाने के लिए प्लाट की जरूरत थी। आरोपी ने अपने जानने वाले व्यक्ति का प्लाट दिलाने का झांसा देकर पीड़ित से 11 लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि इसके बाद कई महीने तक प्लाट की रजिस्ट्री नहीं कराई गई। झांसा दिया कि उनकी रकम फाइनेंस में लगाई गई है। उस पर ब्याज देने का झांसा दिया। आरोप है कि इसके बाद कभी दस तो कभी बीस हजार ब्याज बताते हुए 90 हजार रुपये दिए गए। इसके बाद सोनू भारद्वाज से रकम देने से इंकार कर दिया। आरोपी सोनू ने फिर 22 जून 2020 को पीड़ित को तीन लाख रुपये देने के लिए अपने कार्यालय में बुलाया। आरोप यहां अपने साथियों संग जान से मारने की धमकी देते हुए कभी रकम न लेने का दबाव बनाया गया।

## नार्थ ईस्ट में जज बने छात्रों का सम्मान

देहरादून। नार्थ ईस्ट में जज बने उत्तरांचल विवि के लॉ कालेज के दो पूर्व छात्रों का गुरुवार को विवि में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान न्यायिक सेवा की चकाचैंध एवं महिमा विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। विवि के अध्यक्ष जितेन्द्र जोशी कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश ही नहीं विदेशों में भी विवि के लॉ कालेज से पढ़े छात्र न्यायिक सेवा में नाम कमा रहे हैं। जो विवि के साथ राज्य के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान त्रिपुरा न्यायिक सेवा परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले फरद ईस्लाम एवं आसाम में जज बनी रागिनी शर्मा को भी उन्होंने सम्मानित किया। इस दौरान छात्रों ने अपने अनुभव भी साझा किए।

## संक्षिप्त खबरें

### भारी मोटर पुल निर्माण की मांग की

नई टिहरी। थौलधार के पूर्व प्रमुख और भाजपा नेता जोत सिंह बिष्ट ने डीएम को पत्र सौंपकर टिहरी बांध की झील पर छाम से बल्डोगी तक भारी मोटर पुल निर्माण की मांग की है। बताया कि टिहरी बांध परियोजना बनने से पहले रिम एरिया चिन्यालीसौड़ से घोंटी तक 2 मोटर पुल और 6 झूला पुल थे। टिहरी बांध का जलाशय बनने के बाद टीएचडीसी और पुनर्वास विभाग ने चिन्यालीसौड़ के पुल के बदल भारी मोटर पुल, भल्डियाना मोटर पुल के बदले स्यांसू-डोबरा सस्पेंशन पुल, सिरांई के पैदल पुल के बदले स्यांसू पुल और भल्डियाना-मोटणा रज्जू मार्ग, जबकि भिलंगना घाटी में पीपलडाली, घोंटी पुल और टिपरी-मदननेगी रोपवे का निर्माण कराया। लेकिन स्यांसू और छाम के एवज में कोई पुल नहीं बनाया। यह दोनों पुल न बनने से थौलधार ब्लॉक और उत्तरकाशी की चिन्यालीसौड़ ब्लॉक के 50 से अधिक गांवों के 30 हजार की आबादी को झील के आरपार विभिन्न कार्यों के लिए तीन बार वाहन बदलकर 30 से 40 किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। कहा कि टिहरी बांध के कारण प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को आज भी परेशानी उठानी पड़ रही है। कहा कि प्रदेश में सीएम धामी के नेतृत्व में जन सरोकारों से जुड़ी सरकार संचालित हो रही है। ऐसे में थौलधार और चिन्यालीसौड़ के लोगों की समस्या को देखते हुए छाम से बल्डोली तक भारी मोटर पुल बनाया जाए।

### सीएम से क्रुज लाईसेंस आवंटन में पारदर्शिता की मांग की

नई टिहरी। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर क्रूज बोट संचालन को 28 अगस्त को होने वाले साक्षात्कार में पारदर्शिता बरतने की मांग की है। क्रूज संचालन के लिए हाई प्रोफाईल आवेदन सामने आने से पारदर्शिता को लेकर शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने डीएम मयूर दीक्षित के माध्यम से सीएम को भेजे ज्ञापन में बताया कि 28 अगस्त को टिहरी झील में दो क्रूज बोट संचालन के लाईसेंस के लिए आवेदन के बाद साक्षात्कार रखे गए हैं। आवेदन में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के पुत्र सुयेश रावत और टिहरी की जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण के पति रघुवीर सजवाण सहित कुछ अन्य प्रभावी लोगों के भी आवेदन हैं। जिससे साक्षात्कार की पादर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं।

### क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों को मनरेगा व अन्य मद से शीघ्र करें दुरस्तः सीडीओ

नई टिहरी। सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने घनसाली के आपदा प्रभावित गांवों के ग्राम प्रधानों और ब्लॉक कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीडीओ ने प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत कार्यों की जानकारी लेते हुए क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों को को शीघ्र दुरस्त करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को घनसाली के राइंका घुत्तु में आयोजित बैठक में सीडीओ डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि प्रभावित गांवों में आपदा से क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गो को मनरेगा एवं अन्य मद से शीघ्र सुचारु किया जाए। जिससे लोगो को आवागमन की सुविधा उपलब्ध हों सके।

### श्री कृष्णजन्माष्टमी पर होंगे कार्यक्रम

श्रीनगर गढ़वाल। इस्कॉन श्रीनगर द्वारा 26 अगस्त को सराफा धर्मशाला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव पर श्री कृष्ण अभिषेक, आरती , कीर्तन , कथा,श्री राधा कृष्ण झूलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संगीत एवं नृत्य मुख्य केंद्र रहेंगे। इस्कॉन श्रीनगर के शिवम रावत ने बताया कि कार्यक्रम में भक्तों को श्री कृष्ण अभिषेक के साथ दिव्य प्रसाद भी वितरित किया जायेगा ।इस्कॉन द्वारा श्रीनगर के विद्यालयों में आयोजित श्लोक उच्चारण, पेंटिंग, एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्रों के लिए उपहार कार्यक्रम के दौरान वितरित किए जाएंगे ।इस दौरान श्री कृष्ण शोभा यात्रा का आयोजन भी किया जायेगा।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में श्रीकोट और खण्डाह स्कूल ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड खिर्सू की शरदकालीन खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को एनआईटी मैदान श्रीनगर में फुटबॉल, कबड्डी और क्रिकेट में छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया। अंडर-14 वर्ग में फुटबॉल प्रतियोगिता का पहले मैच में राजकीय उच्चतर माध्यमिक श्रीकोट गंगानाली ने सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट को 2-0 से पराजित किया। प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट उपविजेता रहा। जबकि राजकीय इंटर कॉलेज खिर्सू तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-17 वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज खण्डाह ने प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट ने द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज कठूली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# अल्मोड़ा में मनाया गया प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अल्मोड़ा 24 अगस्त : अल्मोड़ा में प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया. समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि यहां से प्रेरणा लेकर हमारे शिक्षार्थी अगर वैज्ञानिक बन पाएंगे तो ये कार्यक्रम सफल माना जायेगा. विशिष्ट अतिथि एनसीसी कमांडिंग अधिकारी कर्नल मनोज कांडपाल ने कहा कि आने वाला दौर ज्ञान और विज्ञान का ही है. जिसके पास ज्ञान और विज्ञान है वो सफल है. विषय विशेषज्ञ के तौर पर एरीज के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मोहित जोशी ने ऑडियो विजुअल प्रस्तुति के साथ उपस्थित लोगों को समझाया कि कैसे अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों का फायदा चिकित्सा से लेकर तकनीक में भारत के आम आदमी को मिल रहा है.

वरिष्ठ वैज्ञानिक नवीन जोशी ने कहा कि प्रदर्शनी,प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से साइंस को रोचक बनाकर पेश करना सीबीसी की अनूठी पहल है. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ वैज्ञानिक एसएस सामंत ने कहा कि विज्ञान को लेकर इतना सजीला, रोचक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम पहली बार देखने को मिला. कार्यक्रम में डीन साइंस प्रोफेसर एसके जोशी,बॉटनी के डॉ धनी राम, हिंदी की डॉ प्रीति आर्या, मनोविज्ञान की डॉ मधु नयाल सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर शामिल रहे.आयोजन स्थल पर हुई वास विवाद प्रतियोगिता में शारदा पब्लिक स्कूल के मलय जोशी प्रथम, हर्षिता द्वितीय, अक्षत तृतीय रहे. जूनियर वर्ग भाषण प्रतियोगिता में श्रीवांश भट्ट प्रथम,मनाफ़ उर रहमान द्वितीय, हृदया को तृतीय पुरस्कार मिला.

सीनियर वर्ग भाषण प्रतियोगिता में एसएसजे की आंचल राज प्रथम, मयंक कुमार द्वितीय, तनुजा पाठक तृतीय रहे. जूनियर वर्ग चित्रकला प्रतियोगिता में भावेश शाह प्रथम, प्रदीप सिंह द्वितीय, शिक्षा बिष्ट तीसरे स्थान पर रहीं. सभी विजेताओं को विभाग की तरफ से पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए गए. कार्यक्रम के आयोजक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज कुमार भट्ट ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि दोनों दिन प्रतिभागियों की संख्या और कुलपति सहित विभिन्न गणमान्य अतिथियों की पूरे कार्यक्रम में लगातार उपस्थिति से स्पष्ट है कि कार्यक्रम सफल रहा. एनसीसी 24 बालिका वाहिनी की संयोजक डॉ ममता पंत ने कहा कि कम समय में एनसीसी के कैडेट्स सहित पूरे विश्वविद्यालय के अभूतपूर्व सहयोग की वजह से भारत सरकार के साथ हम ये कार्यक्रम सफलतापूर्वक कर पाए.कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा गुरुरानी तिवारी ने किया. कार्यक्रम के संयोजक भास्कर जोशी ने प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में शामिल डॉ गीता खोलिया, डॉ प्रज्ञा वर्मा, डॉ कौशल कुमार, डॉ शर्मा का धन्यवाद दिया. कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो के दीवान सिंह और भूपेंद्र सिंह जड़ौत का विशेष सहयोग रहा.

# ज्योति रौतेला के नेतृत्व में गैरसैंण पर गरजीं महिलाएं

- महिला अपराधों पर सरकार से की सख्त कार्यवाही की मांग
- विधान सभा घेराव करने पहुंचीं थी महिला कांग्रेस ब्रिगेड

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून , 24 अगस्त , महिलाओं पर बढ़ती आपराधिक घटनाओ, हत्या, बलात्कार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर स्वास्थ्य सेवाओं, बेतहाशा महंगाई के विरोध में महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिला कांग्रेस सहित स्थानीय महिलाओं ने गैरसैण स्थित विधानसभा भवन का घेराव कर सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान ज्योति रौतेला नें कहा कि उत्तराखण्ड में बढ़ रही अपराध की घटनाओं से ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य की कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा चुकी है। अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त हो गया है। उत्तराखण्ड राज्य में पिछले एक वर्ष में घटीत हुई अपराध की घटनाओं से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उत्तराखंड में महिला अपराध, अन्य अपराधों का स्तर कहां पहुंच गया है।

उन्होनें कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड पुलिस प्रशासन और राज्य सरकार के ढीले और लापरवाह रवैए की वजह से राष्ट्रीय मुद्दा बन गया। भाजपा नेता के रिसोर्ट पर आनन-फानन में बुलडोजर चलवाकर सारे साक्ष्य मिटा दिए गए। अंकिता केस के वीआईपी का नाम आज तक उजागर नहीं हो पाया है। इस हत्याकांड में एक नहीं सैकड़ों सवाल हैं जिनके जवाब अनुत्तरित हैं।

उन्होनें कहा कि केदार भंडारी 19 साल का युवा जो आंखों में सपने लेकर आया था अग्निवीर योजना के तहत भर्ती होने के लिए अचानक चोरी के इल्जाम में पुलिस पकड़ कर ले जाती है और केदार गायब हो जाता है। बाद मे उसके डूबने की मनगढ़ंत कहानी रची गई परन्तु लाश का आज तक कोई अता पता नहीं चला। उन्होनें कहा कि सल्ट के दलित युवक जगदीश की निर्मम हत्या देवभूमि को शर्मसार करने वाली घटना थी।

उन्होनें कहा कि हाल ही में हुई चमोली में पिंकी हत्याकांड, हरिद्वार में भाजपा नेता द्वारा महिला से बलात्कार की घटना, हर्रावाला देहरादून में दलित युवती मनाली हत्याकांड, हाथीबडकला देहरादून में महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या, टिहरी में दलित युवक जितेन्द्र दास एवं लखनलाल हत्याकांड, रुड़की के ढंडेरी गांववासी दलित युवक की हत्या ये सभी घटनाएं राज्य में समाप्त हो चुकी कानून व्यवस्था के जीते जागते उदाहरण हैं।

चम्पावत में महिला का बलात्कार, हरिद्वार में दलित महिला का बलात्कार के बाद हत्या करना, रूद्रपुर में एक नर्स के साथ बलात्कार के बाद हत्या, देहरादून आईएसबीटी में सामूहिक बलात्कार, पिथौरागढ में महिला के साथ छेड़छाड करने का मामला भी सामने आया हैं और भाजपा अपनी विफलता को छुपाने लिए अनर्गल बयान बाजी कर जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रही है।




# महिलाओं के प्रति बढ़ रहे अपराध शर्मनाक, सरकार जवाब दे : सूर्यकांत धस्माना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून , 24 अगस्त , जिस प्रदेश की रीड की हड्डी महिला हो और जिसे देश और दुनिया में देवभूमि के नाम से पुकारा जाता हो उस प्रदेश उत्तराखंड में महिलाओं के खिलाफ हत्या, बलात्कार, दहेज हत्या व दहेज उत्पीड़न समेत हिंसा के मामले देश के पर्वतीय राज्यों में नंबर एक पर हों यह विषय सरकार के साथ साथ पूरे प्रदेश के लिए शर्मनाक है यह बात आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कही।

सूचना के अधिकार में एक अधिवक्ता नसीमुद्दीन द्वारा उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय से प्राप्त सूचना से जो वर्ष २०२ में उत्तराखंड राज्य में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की विभिन्न श्रेणियों के अपराधों का खुलासा हुआ है वह बेहद खौफनाक है व उत्तराखंड जैसे शांतिप्रिय माने जाने वाले राज्य के लोगों के लिए ना केवल शर्म का विषय है बल्कि डराने वाला आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य में एक साल में बलात्कार के ४२२ मामले दहेज हत्या के ४८ मामले दहेज उत्पीड़न के १०१६ मामले, महिला अपहरण के ६९८ मामले महिलाओं पर हमले व मारपीट के ६२४ मामले और महिला अपमान के २६ मामले दर्ज होना इस बात की पुष्टि करता है कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ हिंसा लगातार बढ़ रही है और कानून का डर भय अपराधियों के दिमाग से समाप्त हो गया है।

धस्माना ने कहा कि राज्य में इस वर्ष भी महिलाओं के खिलाफ बलात्कार हत्या व दहेज उत्पीड़न के मामलों में वृद्धि हुई है और सबसे खराब बात यह है कि ताकतवर लोग व सत्ता धारी पार्टी के लोग महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों में शामिल हैं और सत्ता के संरक्षण के कारण ऐसे अपराधियों के हौसले अपराध करने के लिए और बुलंद हो जाते हैं। धस्माना ने कहा कि राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आप प्रदेश व्यापी आंदोलन शुरू करेगी।

